कलश थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड,नई दिल्ली

(संस्कृति - सहयोग - समृद्धि)

- **संस्था का परिचय:**

  "कलश" नाम है, समृद्धि, खुशहाली और संस्कृति का । इसी नाम को आदर्श मानते हुए वर्ष 2013 में दिल्ली कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2003 के अंतर्गत इस संस्था का गठन किया गया, जिसे "कलश थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड (TCS)" के नाम से पंजीकृत किया गया और इसका आदर्श वाक्य बना "संस्कृति - सहयोग - समृद्धि" ।

- **संस्था का उद्देश्य:**

  इस संस्था के आदर्श वाक्य "संस्कृति - सहयोग - समृद्धि", को चरितार्थ करते हुए संस्था के सदस्यों को सहयोग और समृद्धि की भावना को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड की संस्कृति से जोड़ने का एक प्रयास किया गया, जैसे;

  - **संस्कृति:** संस्था का उद्देश्य उत्तराखंडी, खासकर कुमाऊँनी समाज को अपनी जड़ों से जोड़ना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति का प्रचार प्रसार व अपनी परंपराओं को जीवित रखते हुए नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना है । प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर संस्था सदस्यों व परिवार के सदस्यों को इन कार्यक्रमों में भागीदारी देकर अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक अवसर मिलता है ।
  - **सहयोग:** संस्था से जुड़े हुए कुमाऊँनी समाज के करीब 250 सदस्य दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर निवास करते हैं और विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यरत हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में अनुभवी व प्रभावी हैं । संस्था के किसी भी सदस्य को व्यक्तिगत से लेकर अन्य संस्थाओं से जुड़े कार्यों में हमेशा सहयोग व परामर्श मिलता रहता है । जिसमें खासकर चिकित्सकीय क्षेत्र में सहयोग सराहनीय रहता है जिसका एक उदाहरण कोरोना काल में देखने को मिला । इसके अतिरिक्त संस्था के सदस्यों द्वारा सामाजिक क्षेत्र में नौकरी/व्यवसाय, विवाह योग्य वर-वधू संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान कर सहयोग किया जाता है ।
  - **समृद्धि:** "कलश" जैसे पवित्र नाम को चरितार्थ करते हुए इस संस्था का मुख्य उद्देश्य संस्था के सदस्यों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है । सदस्यों के द्वारा प्रति माह जमा एक नियत धनराशि धीरे धीरे बड़ी पूजी का रूप लेते हुए आर्थिक दृष्टि से संस्था के सदस्यों को सुदृढ़ बनाता है । साथ ही जरूरत पड़ने पर सदस्यों को ऋण देने की सुविधा त्वरित आर्थिक सहायता के रूप में सहायक होती है । यही नहीं, ऋण पर प्राप्त ब्याज सभी सदस्यों को आर्थिक रूप से और सुदृढ़ बनाता है। इसके अतिरिक्त, संस्था समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले विभूतियों को समय समय पर सम्मानित कर गौरान्वित महसूस करती है।

- **सदस्य पात्रता:** दिल्ली के निवास प्रमाण की शर्त पूरी करने वाले उत्तराखंड के कुमाऊँनी समाज का कोई भी प्रवासी जो इस प्रकार की किसी अन्य संस्था का सदस्य नहीं है सदस्य बन सकते हैं ।

- **जमा राशि:**

  क) सदस्यता शुल्क रु.600/- (एक बार नॉन रिफंडेबल)
  ख) सुरक्षित राशि रु.400/- (एक बार रिफंडेबल)
  ग) योगदान राशि रु.500 /- (सदस्यता छोड़ने पर रिफंडेबल)
  घ) मासिक जमा राशि रु.1000 /- (प्रत्येक माह 15 तारीख तक)

- **जमा राशि पर देय ब्याज:** सदस्यों के मासिक जमा व दिए गए ऋण पर वार्षिक आम सभा में अर्जित ब्याज का वितरण किया जाता है जो सदस्यों को आर्थिक रूप से और समृद्ध बनाने में सहायक होता है ।

- **भविष्य की योजना:** संस्था बायलॉज के अनुसार सदस्यों के सहयोग व सुझावों के साथ सांस्कृतिक व आर्थिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की जाती है।

धन्यवाद!

कलश टीसीएस के सदस्य बनें - जीवन को खुशहाल बनाएं